भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ.राजेंद्र प्रसाद मार्ग,नई दिल्ली-110001
KRISHI BHAWAN, DR. RAJENDRA PRASAD MARG, NEW DELHI-110001

फा.सं.रा.भा.10(1)/2018-हिन्दी दिनांक: सितंबर, 2021

परिपत्र

विषय : सितंबर, 2021 में हिन्दी दिवस/ सप्ताह/ पखवाड़ा / माह के आयोजन के संबंध में ।

हमारे देश में कई भाषाएं बोली जाती हैं परन्तु, हिंदी भाषा का स्थान सर्वश्रेष्ठ है, यह लोगों के हृदय में एक महत्वपूर्ण स्थान लिए हुए है। हिन्दी भाषा का इतिहास बहुत पुराना है यह करीब 11वीं शताब्दी से ही भारतवर्ष की सर्वाधिक लोगों द्वारा प्रयोग की जाने वाली भाषा के रूप में प्रतिष्ठित रही है। आज हिन्दी हमारे संपर्क, संवाद, विचार-विमर्श और जीवन-व्यवहार का माध्यम बन चुकी है। संविधान सभा द्वारा हिंदी को राजभाषा का दर्जा 14 सितंबर 1949 को दिया गया था। अत: प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी साहित्यिक भाषा के क्षेत्र से पल्लवित होकर अब 'पत्रकारिता हिन्दी', 'खेलकूद की हिन्दी', 'बाजार की हिन्दी' आदि रूपों में वैश्विक पटल पर आसीन हो चुकी है। राजभाषा नियम 12 के अनुसार केंद्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय में प्रशासनिक प्रधान को राजभाषा संबंधी निर्धारित नियमों को लागू कराने का उत्तरदायित्व दिया गया है, जिसका अनुपालन हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

कृपया राजभाषा विभाग के दिनांक 21.04.1987 के कार्यालय ज्ञापन सं. 1/14034/2/87-रा.भा.(क-1) का अवलोकन करें जो सितंबर माह में हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/माह के आयोजन के संबंध में है। सरकार द्वारा कोरोना संबंधी जारी दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए हिन्दी दिवस 2021 के शुभ अवसर पर सितंबर, 2021 में हिन्दी दिवस / सप्ताह / पखवाड़ा / माह की प्रतियोगिताएं ऊर्जा, उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित की जाएं और हिन्दी दिवस 2021 के अवसर पर 14 सितंबर को राजभाषा विभाग द्वारा निर्देशित राजभाषा प्रतिज्ञा ली जाए। (राजभाषा प्रतिज्ञा संलग्न है।) यह आयोजन संस्थान में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए और इस दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में दी जाने वाली पुरस्कार राशि को सम्मानजनक बनाते हुए किया जाए। कार्यक्रमों की अवधि इस प्रकार रखी जाए कि हिन्दी दिवस (14 सितंबर) इस अवधि के दौरान शामिल रहे। इस अवसर पर सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भाकृअप द्वारा एक अपील और माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री जी का संदेश तथा माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री महोदय का एक प्रेरणाप्रद संदेश पोस्टर के रूप में भी अलग से जारी किया जा रहा है।

मुझे आशा है कि हिन्दी दिवस के कार्यक्रमों से परिषद एवं संस्थानों के कार्मिकों में सरल हिन्दी का प्रयोग करने के प्रति उत्साह सृजन में सफलता मिलेगी।

सीमा चोपड़ा 01.09

(सीमा चोपड़ा)
निदेशक (रा.भा.)

वितरण : 1. भाकृअप के अधीनस्थ सभी संस्थानों/ निदेशालयों/ ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशक
2. गार्ड फाइल